# खिलौने जैसा भाई



# खिलौने जैसा भाई






मैग्नस बेडे एक प्रसिद्ध अल्केमिस्ट (कीमियागर) थे. वो अपनी खुश और भाग्यशाली पत्नी, यूटिल्डा के साथ रहते थे. उनका परिवार सुखी था. लेकिन उनके बड़े बेटे, योरिक को छोटा भाई चार्ल्स अच्छा नहीं लगता था क्योंकि वो हमेशा कुछ मूर्खतापूर्ण बात करता था.




मिस्टर बेडे ने योरिक को अपना सहायक बनने देने की गलती की थी. फिर योरिक को यह लगा कि वो अंततः अपने पिता से भी बेहतर कीमियागर बनेगा. उसके तमाम सपने थे - जैसे कि गधे के गोबर को ठोस सोने में बदलना!



जहाँ तक चार्ल्स की बात थी वो अपना समय मुर्गियों का पीछा करते हुए, चींटियों की बांबियों में छेद करते हुए और बकरी के साथ बहस करते हुए बिताता था. उसे यह समझ में नहीं आता था कि योरिक उससे हमेशा दूर क्यों रहता था और उसे हर बार झड़कता क्यों था.

एक मई की सुबह को, मैग्नस और यूटिल्डा एक शादी में जाने के लिए तैयार हो रहे थे. श्रीमती बेडे ने लड़कों को बकरी का दूध दूने और जानवरों को खाना खिलाने की याद दिलाई. मिस्टर बेडे ने फिर से योरिक को चेतावनी दी: "यह मत भूलना, तुम अभी कीमियागर नहीं बने हो. इसलिए मेरी प्रयोगशाला से बाहर ही रहना!"

बेडे दंपत्ति जल्द ही पहाड़ी के पार गायब हो गए. वे अब एक हफ्ते तक वापस नहीं आएंगे.





चार्ल्स खुश था कि पापा ने योरिक को प्रयोगशाला में जाने को मना किया था. उसे उम्मीद थी कि अब, वे दोनों मिलकर दोस्ती करेंगे और शायद साथ में मिलकर कुछ मुर्गियों का पीछा भी करें. लेकिन योरिक के अन्य विचार थे.

इसलिए चार्ल्स लेडी-बग के शिकार के लिए निकला. उसने कुछ लेडी-बग पकड़ीं, जब उसे घास और खरपत में से अपनी ओर कोई आता हुआ सुनाई दिया. उसे वो कोई छछूंदर लगा लेकिन तभी उसने यह सुना. "मैं योरिक हूं, तुम्हारा भाई."

वो सच में योरिक था, और घुटनों के बल तिलचट्टे जैसे चल रहा था!



"अरे!" चार्ल्स ने हांफते हुए पूछा, "तुम्हें क्या हुआ?"

"मैं  कैसा दिखता हूं?" योरिक ने पूछा.

"क्या तुम पिता की प्रयोगशाला में घुसे!"

"हाँ, भाई," योरिक ने कहा, "और मैंने एक नई औषधि का आविष्कार किया. लेकिन जब मैंने उसे चखा, तो मैं एक कॉकरोच जितना बड़ा बन गया. फिर मैं दरवाजे के नीचे से निकलकर यहाँ आया!"

चार्ल्स रसोई के अंदर गया, साथ में योरिक उसके अंगूठे से चिपका था और कह रहा था  "मुझे छोड़ना मत!"

यह बहुत ही अद्भुत था. योरिक ने खुद को बिल्कुल छोटा कर लिया था - और वो भी केवल थोड़ी सी ट्रेनिंग के बाद!



"मुझे घूरना बंद करो? योरिक ने कहा. "मैंने जो किया अब मुझे उसका उल्टा करना होगा नहीं तो पापा मुझे मार डालेंगे. उसमें, तुम्हें मेरी मदद करनी होगी."

"ठीक है, छुटकू, ज़रा आराम से काम लो," चार्ल्स ने कहा. "पिताजी के घर वापिस आने में अभी बहुत समय बाकी है."

"इस बीच," चार्ल्स ने घोषणा की, "अब मैं तुम्हारे लिए एक घर बनाऊंगा!"

"लेकिन लैब का क्या!"

"जल्दी मत करो," चार्ल्स ने कहा. खुशी से गुनगुनाते हुए, उसने योरिक के लिए घर बनाना शुरू किया.



चार्ल्स को इसमें बड़ा मज़ा आ रहा था. और जब उसके खिलौने जैसे भाई ने अपने नए घर की खिड़की से अपना सिर बाहर निकाला, तो वो उसे एकदम असली जैसा लगा.

"भाई," चार्ल्स ने कहा, "अब खाने का समय है!" 'उसने भाई को तीन रोटी के टुकड़े और एक चम्मच पनीर परोसा. वो खुद इतना उत्साहित था कि कुछ खा नहीं पा रहा था.



चार्ल्स को इस सब में इतना मज़ा आ रहा था और वो चाहता था योरिक हमेशा उसकी जेब में ही रहे. वैसे इस तरह का सोच अच्छा नहीं था लेकिन वो अपने दिमाग को कैसे बताए कि ठीक क्या था?



सुबह को चार्ल्स ने फैसला किया कि योरिक को कुछ ताजी हवा की जरूरत थी, इसलिए वो उसे बाहर टहलाने के लिए ले गया. अचानक आसमान में अंधेरा छा गया, और तेज़ हवा ने काँपना शुरू किया, और फिर बेर जितने बड़े ओले गिरने लगे. योरिक को वे तोप के गोलों की तरह महसूस हुए.

"मदद करो!" वो चिल्लाया.

अब चार्ल्स को समझ आया कि उसका छोटा भाई हमेशा खतरे में रहेगा, कोई गधा आसानी से अपने पैरों से उसे कुचल सकता था. उसकी प्यारी माँ भी गलती से ऐसा कर सकती थी. वो दूध की बाल्टी में डूब सकता था या कोई बिल्ली उसे खा सकती थी. कोई चूहा उसे गंभीर रूप से घायल कर सकता था.



चार्ल्स ऐसा कुछ नहीं चाहता था जिससे उसके भाई को कोई नुक्सान पहुंचे. इसलिए उसने अपने भाई को अपने अंगरखा में रखा और जल्दबाजी में घर चला. वहां उसने उसके घावों पर मलहम लगाया.

"योरिक," उसने कहा, "हमें अब तुम्हें फिर से बड़ा बनाना होगा. चलो उस काम पर लगें."

फिर योरिक ने कार्यभार संभाला. "पापा ने मुझे सिखाया था कि हरेक औषधि के प्रभाव को उल्टा करने वाली दवाई भी होती है," उसने कहा. "हमें बस उस सही दवा को ढूंढना है."

"यह गुलाबी चीज़ क्या है?" चार्ल्स ने पूछा. "नहीं!" योरिक ने कहा. "जैसा मैं कहूँ तुम वैसा ही करो."



और फिर इधर-उधर की चीज़ों को मिलाने के बाद, योरिक को विश्वास हुआ कि उसने अपनी ज़रुरत की चीज़ बना ली थी. लेकिन जैसे ही उसने जीभ से उसकी एक बूंद चखी वो चक्कर खाकर बेहोश हो गया.

चार्ल्स को लगा कि योरिक मर गया था लेकिन वो एक मिनट से भी कम समय में फिर ज़िंदा हो गया - और वो बहुत शर्मिंदा लग रहा था. "भाई," उसने कहा, "यह एक प्रशिक्षित व्यक्ति का काम है. बेहतर होगा अगर हम पापा के आने की प्रतीक्षा करें."






समय तेज़ी से गुज़रे उसके लिए चार्ल्स ने अपने भाई को खुश रखने की तमाम कोशिशें कीं. सबसे पहले, उसने बकरी को अपनी मां के सबसे अच्छे कपड़े पहनाए, और फिर उसने पिता का बैंगनी अंगरखा सूअर को पहनाया. लेकिन इस सब से वो योरिक को खुश नहीं कर पाया. योरिक दुबारा, पहले जैसा ही बनना चाहता था.





एक रात योरिक ने अपने भाई को जगाया और कहा, "अगर मैं फिर कभी बड़ा न होऊं तो क्या होगा?"

"यॉर्क," चार्ल्स ने कहा, "मुझे यकीन है कि पापा तुम्हें फिर से बड़ा बना पाएंगे. पर अगर किसी कारण वो संभव नहीं होता है और तुम्हें इसी स्थिति में रहना पड़ता है, तो तुम्हारे ज़िंदा रहने तक मैं तुम्हारी पूरी देखभाल करूंगा. मेरी शादी होने के बाद भी, चाहें मेरी पत्नी को यह पसंद हो या नहीं, मैं तुम्हारी देखभाल करूंगा. मैं यह बिल्कुल सच कह रहा हूँ! इसलिए भाई तुम बिल्कुल चिंता मत करो."



फिर एक दिन लड़कों को "यो-ओ-की-की! चा-ए-ए-ली!" की परिचित आवाज़ें सुनाई दी. वे बिस्तर से निकलकर घर से बाहर गए और वहाँ उनके दोनों माता-पिता मौजूद थे! चार्ल्स को दोनों ने बार-बार गले लगाया और उसे चूमा जैसे उन्होंने उसे साल भर बाद देखा हो. "योरिक कहाँ है?" वे जानना चाहते थे.




"वो यहाँ है!" चार्ल्स ने अपने भाई को एक गाजर की तरह पकड़ते हुए कहा. माता-पिता को कुछ पल्ले नहीं पड़ा. वे बस उसे घूरते ही रहे. उस छोटे योरिक को, और चार्ल्स को और फिर एक-दूसरे को. अंत में मिसेस बेडे ने अपने बेटे को उठाया और उसका छोटा सिर चूमा, और उसे अपनी छाती से लगाया. "मेरे बेटे," कह कर वो सिसकने लगीं, "मेरा छोटा बच्चा."

"अरे क्या हुआ," पिता बड़बड़ाए, "क्या हुआ?" और फिर योरिक ने उन्हें अपनी पूरी शर्मनाक कहानी सुनाई.

मैग्नस बेडे अपने बेटे को सीधे प्रयोगशाला में ले गए, "तुमने जो मूल दवाई बनाई थी क्या वो अभी भी बची है?" उन्होंने पूछा.

योरिक ने उन्हें फ्लास्क और वो सब कुछ दिखाया, जिसे उसने आपस में मिलाया था: बोरेज, बेटोनी, कपूर, और सॉकर्राट.

"चिंता मत करो," मिस्टर बेडे ने कहा. "मैं एक मिनट में इलाज ढूंढ निकलूंगा." लेकिन उनके खोजे "इलाज" का कोई असर नहीं हुआ.



"ज़रा ध्यान से सोचो, क्या तुमने मुझे सब कुछ बताया है, योरिक? सोचो!" "हाँ, पिताजी, मैंने आपको सब कुछ बताया है."

"ठीक है, ज़रा ज़ोर से सोचो! मुझे लगता है कि तुम कुछ भूल गए हो," प्रसिद्ध कीमियागर ने कहा. "क्योंकि मेरी दवा काम नहीं कर रही है."

यूटिल्डा बेडे ने अपने छोटे बेटे को छोटे कपड़े पहनना शुरू किए, और उसके लिए एक छोटा बिस्तर, छोटा तकिया के साथ एक छोटी कुर्सी बनाई. उन्होंने उसके लिए छोटे-छोटे पकवान भी बनाए. नन्हें बच्चे ने उन्हें बहुत व्यस्त रखा.





"टिल्डा," मिस्टर बेडे ने अंत में कहा, "मैं अब हार मानता हूं."

"अच्छा," उनकी पत्नी ने कहा, "तो इसका मतलब है कि अब वो इसी तरह रहेगा. क्या फर्क पड़ता है? वो मजबूत, सुंदर और बहादुर तो है. और उसकी जन्म कुंडली बड़ी अच्छी है."

"मुझे योरिक की दवाई पीने दो," चार्ल्स ने कहा. "फिर हम जुड़वाँ भाई बन जाएंगे!"



"वाह!" मिसेस बेडे ने कहा. "बढ़िया विचार है! मैं भी उसे पी लूंगी. फिर मैं तुम दोनों के लिए सही नाप की उचित माँ बन जाऊंगी. शायद मिस्टर बेडे भी एक उचित पिता की तरह हमारे साथ जुड़ें."

"और फिर," मिस्टर बेडे चिल्लाए, "इस छुटकन्ने परिवार की देखभाल कौन करेगा?" फिर सब चुप हो गए.



उस शाम, चुप्पी में रात का भोजन करने के बाद, मिस्टर बेडे ने कहा, '' बेटा, मुझे डर है कि अब तुम हमेशा के लिए इस तरह छोटे ही रहोगे.'' और फिर उन्होंने एक अदरक की डकार ली.

"अदरक! अदरक!" योरिक चिल्लाया. "मैंने उस दवाई को पीने से पहले कुछ अदरक खाया था!"



"आह हा!" मैग्नस बेडे ख़ुशी से कूदे. "अदरक! वो किसी दूसरे तालाब की मछली है! आश्चर्य कि कोई कायापलट नहीं हुई? अब मुझे पता है कि क्या करना है!"

फिर सभी लैब में भागे.

फिर वास्तव में बुद्धिमान कीमियागर ने अपने बेटे के कद को बहाल करने के लिए अपनी दवाई में अदरक का मुकाबला करने के लिए थोड़ा पनीर मिलाया. उन्होंने योरिक को मिश्रण खिलाते समय यह मन्त्र पढ़ा:
"ओरकेनिस-बोर्कनिस, फूफल- केडोफ्ले, केफिफल-केफॉफ्लक-केफ्राफल-कफूम."



मैग्नस बेडे ने अपने होंठ चबाए, और उनकी पत्नी ने नाखून चबाए, और चार्ल्स ने अपनी कोहनी चबाई. सभी अपनी-अपनी आंखें मूंदे खड़े रहे. योरिक ने एंटी-डोट निगला, वो कांपा, हिला और फिर सीधे अपनी पूरी ऊंचाई तक बढ़ गया.





उसके बाद पूरा बेडे परिवार, खासकर पिताजी, अपने मध्ययुगीन दिमाग से पूरी तरह आउट हो गए. उन्होंने एक-दूसरे को गले लगाया और चूमा, वे रोए और हँसे, उन्होंने गीत गाए और वे पागलों की तरह चारों ओर दौड़े!

लेकिन योरिक अभी भी गधे के गोबर को सोने में बदलने का सपना देखा रहा था. छोटे चार्ल्स को अब खिलोने वाली गुड़िये बनाने का जुनून सवार हुआ. वे सभी गुड़िये योरिक जैसी ही दिखती थीं.



दोनों भाई अब ईमानदारी से एक-दूसरे की सराहना करते थे. वैसे वे कभी-कभी आपस में लड़ते-झगड़ते भी थे.

समाप्त